# धीमी रफ्तार : 33 प्रतिशत विद्यार्थियों की अब तक नहीं बनी अपार आईडी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 22 जनवरी. विद्यार्थियों को डिजिटल पहचान देने के लिए शुरू किये गये अपार आईडी के अभियान की रफ्तार जिले में बहुत ही धीमी है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आंकड़े बताते हैं कि जिले के 2 लाख 61 हजार 864 पंजीकृत विद्यार्थियों में से अब तक सिर्फ 1 लाख 73 हजार 109 की ही अपार आईडी बन पाई है।**

**पहली से 12वीं तक के छात्रों की बनना है अपार आईडी**

**आईडी में होगी छात्रों की शैक्षणिक जानकारी**

दरअसल जिले में आधार कार्ड की तरह हर स्कूली विद्यार्थी का बारह अंकों का अपार कार्ड यानि ऑटोमेटिड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट बनाने का काम चल रहा है, लेकिन इस काम की रफ्तार धीमी होने के कारण जिले में मात्र 66.11 प्रतिशत विद्यार्थियों की ही अपार आईडी बन पाई है। यह हालात शिक्षा विभाग के डिजिटल दावों की पोल खोलते हैं। जिले में 2624 स्कूल संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड तैयार करने का लक्ष्य तय किया गया था। पिछले एक साल से प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब भी 88 हजार 755 विद्यार्थियों की अपार आईडी नहीं बनी। यह आंकड़े साफ इशारा करते हैं कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपार आईडी के नॉन जनरेट श्रेणी में दर्ज हैं। यह स्थिति या तो अभिभावकों और विद्यार्थियों में जागरूकता की कमी को दर्शाती है, या फिर स्कूल स्तर पर गंभीर लापरवाही को।

**अपार आईडी में रहेगा विद्यार्थियों का शैक्षणिक ब्योरा**




आधार कार्ड की तरह स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 12 डिजिट की यह आईडी जनरेट की जाना है। ताकि एक क्लिक पर शैक्षणिक ब्योरा देखा जा सके। यह सिर्फ एक पहचान पत्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य से जुड़ा अहम डिजिटल दस्तावेज भी है। जिसका विद्यार्थी के पूरे जीवन में यूनिक शैक्षणिक पहचान के रूप में उपयोग की जायेगी। इसी आईडी के जरिए भविष्य में स्कॉलरशिप, ट्रांसफर सर्टिफिकेट, डिजिटल मार्कशीट और उच्च शिक्षा से जुड़े रिकॉर्ड को ट्रैक किया जाएगा। जो विद्यार्थी आज इस सिस्टम से बाहर हैं, वे आगे चलकर सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं। जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक लगभग 2 लाख 61 हजार 864 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनना है। अभी तक 1 लाख 73 हजार 109 छात्रों की अपार आईडी बन सकी है, जो कुल दर्ज छात्रों का महज 66.11 प्रतिशत है। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के कुल 182939 बच्चों में से 115314 की आईडी बन चुकी है, वहीं 9वीं से 12 तक दर्ज छात्रों की संख्या 78925 है। जिसमें 57795 की आईडी बन चुकी है। जबकि कुल 2624 स्कूलों में 261864 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

> जिले में विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने का काम जारी है। स्कूलों में शिविर लगाये जा रहे है। अपार आईडी के काम सबसे ज्यादा दिक्कतें डाटा मिसमैच, आधार व रिकॉर्ड में स्पेलिंग मिसमैच के कारण आ रही है।
>
> **- भूपेन्द्र वरकड़े,** प्रभारी डीपीसी, बैतूल

### पहले युद्धस्तर पर काम, अब फाइलों में अभियान

अपार आईडी की शुरुआत के समय काम युद्धस्तर पर किया गया। समीक्षा बैठकें हुईं, लक्ष्य तय किए गए और नोटिस तक जारी हुए। लेकिन कुछ ही महीनों में पूरा अभियान ठंडे बस्ते में चला गया। नतीजा यह है कि हजारों विद्यार्थी अब भी डिजिटल पहचान से वंचित हैं और शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। वहीं स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि डाटा मिसमैच, आधार व रिकॉर्ड में स्पेलिंग मिसमैच होने से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही। आधार सुधार केंद्रों की कमी भी इस प्रक्रिया को जटिल बना रही है। पहले स्कूली मार्कशीट के आधार पर सुधार किया जाता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया और कठिन हो गई है। स्कूल प्रबंधन लगातार इस समस्या के समाधान में जुटे हैं, लेकिन गति बहुत धीमी है। जिसके कारण भी अपार आईडी का काम प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थी की समग्र आईडी और आधार में समानता नहीं होने के कारण भी परेशानी आ रही है।

### शिक्षकों के सामने आ रहीं कई समस्याएं

अपार आईडी को लेकर शिक्षकों के सामने भी कई समस्या आ रही है। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी समस्या आधार कार्ड में छोटी-छोटी त्रुटियां होना है। कई मामलों में विद्यार्थियों के नाम की स्पेलिंग, सरनेम सहित अन्य दस्तावेजों से मेल नहीं खाती, सरनेम गायब है या फिर पते में विसंगतियां है। इन समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को तैयार करने में लंबा समय लग रहा है। जानकार बताते है कि अपार आईडी में विद्यार्थी का नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, जेंडर, आधार नंबर के साथ चाइल्ड प्रोफाइल एंट्री संपूर्ण होने के साथ आधार सत्यापित होना चाहिए। अभिभावक का मोबाइल नंबर और कोई एक पहचान पत्र भी जरूरी है।

## एक नजर में

### अन्य वार्डों में गए मतदाताओं के नहीं काटे नाम

**मुलताई।** नगर के वार्डो में किराए से रहा रहे कई मतदाता वार्ड छोड़कर दूसरे वार्डो में किराए से निवास करने करने लगे है या स्वयं का मकान बना लेने के कारण चले गए है, ऐसे मतदाताओं के नाम नहीं काटे जाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, नपा उपाध्यक्ष शिव कुमार माहौरे,किशोर सिंह परिहार, लोकेश यादव एवं आशीष सोनी द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया नगर के विभिन्न वार्डों में निवासरत कुछ मतदाता जो वर्तमान में किसी अन्य वार्ड में किराये से और कुछ पूर्व के वार्ड से निकलकर अन्य वार्ड के अपने मकान मे निवासरत है। ऐसे मतदाताओं के बिना सहमति के नाम नहीं काटे जाए ।कांग्रेसियों ने ऐसे मतदाताओं के नाम यथावत रखे जाने की मांग की है।

### स्थाई शिक्षा समिति की बैठक 28 जनवरी को

**बैतूल।** जिला पंचायत स्थाई शिक्षा समिति की बैठक 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक कुमार पांडे ने बताया कि बैठक में शाला में गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, जिले में संचालित छात्रावासों की जानकारी एवं संचालन पर चर्चा की जाएगी। वहीं परीक्षा फल एवं शिक्षा गुणवत्ता और शाला के समय पर संचालन की चर्चा, शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक की व्यवस्था पर चर्चा होगी। साथ ही हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में विषयवार रिक्त शिक्षकों की कमी होने पर अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था पर चर्चा के साथ नि :शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं वितरण की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा स्कूल चले हम अभियान, नि शुल्क साइकिल वितरण की समीक्षा भी की जाएगी।

### नवीन सोनी जिला उपाध्यक्ष बने

**बैतूल।** शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेशानुसार एवं सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के निर्देश पर व मध्य प्रदेश प्रभारी ठाड़ेश्वर महावर और सुरेश गुर्जर की सहमति से संगठन के जिला प्रमुख विजेन्द्र गोले के द्वारा नवीन सोनी को बैतूल जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

## विकास कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं : कलेक्टर श्री सूर्यवंशी

**बैतूल।** कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने गुरुवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित रहें। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और जनपद के लेखा अधिआरियों को सख्त हिदायत दी कि जल संरचनाओं, एक बगिया मां के नाम इत्यादि कार्यों के तहत प्राप्त आवंटन का व्यय लंबित न रहें। डीडीओ क्रिएटर लॉगिन पर लंबित राशि का भी समय पर आहरण किया जाएं। आगमी जल संरक्षण के कार्यों के



लिए भी साइट सिलेक्शन का काम भी प्राथमिकता से पूर्ण कर निर्धारित पोर्टल पर दर्ज कराए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत पोल फैंसिंग, जलकुंड और नाडेप इत्यादि कार्यों की जनपदवार समीक्षा कर सभी जनपद सीईओ को अपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करने की सख्त हिदायत दीं। उन्होंने कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं देखते हुए सभी अकाउंट ऑफिसर और सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के अवकाश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध जारी किश्तों तथा पूर्णत: की स्थिति की समीक्षा कर पूर्णत: में संतोष जनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि 25 जनवरी तक प्रगति नहीं लाने पर सभी जनपद सीईओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही व निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने सभी जनपद के एओ और ब्लॉक कॉर्डिनेटर को भी एक माह का अवैतनिक करने का नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

## नगरपालिका सारनी ने पाया प्रदेश में प्रथम स्थान

**सारनी।** अमृत हरित महाभियान शहरी पर्यावण के प्रथम चरण में नगर पालिका परिषद सारनी ने शासन द्वारा तय लक्ष्य को समय सीमा के पूर्व ही पूरा कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा पूरे प्रदेश में एक साथ अमृत हरित महाभियान शहरी पर्यावण प्रथम चरण प्रारंभ किया। इस अभियान में नगर पालिका परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण अधिकारी उपयंत्री नितिन मीणा, नोडल अधिकारी केके भावसार ने पूरी टीम के साथ कार्य किया। मास्टर ट्रेनर अमित पांडे, प्रमोद हुरमाड़े ने फील्ड पर सतत कार्य किया। वृक्षारोपण अधिकारी उपयंत्री नितिन मीणा ने बताया कि डेएनयूएलएम के रंजीत डोंगरे के साथ स्व सहायता



समूहों ने भी सहयोग दिया। डब्ल्यूसीएल एवं एमपीपीजीसीएल के साथ समन्वय बनाते हुए निकाय क्षेत्र में 43 हजार से ज्यादा पौधे रोपे गए। प्रथम चरण का पौधारोपण तय लक्ष्य समय से पूर्व कर नगर पालिका परिषद सारनी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त संकेत भोंडवे, अपर आयुक्त, ज्वाइंट डायरेक्टर की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद सारनी को पुरस्कृत किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि पूरा पौधारोपण टीम वर्क और योजनाबद्ध रूप से किया गया। इसी कारण नगर पालिका परिषद सारनी पूरे प्रदेश में नंबर वन आई है। वृक्षारोपण अधिकारी उपयंत्री नितिन मीणा ने बताया कि नपा सारनी ने द्वितीय चरण की पूर्व तैयारियां भी प्रारंभ कर दी है। उन्होंने बताया कि कार्य को योजनाबद्ध रूप देते हुए पूरी प्लानिंग के साथ धरातल पर उतरा जाएगा। लक्ष्य अनुरूप रोपित पौधों की सतत मिनिटरिंग भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लगन और पूरी मेहनत से द्वितीय चरण में भी नपा सारनी प्रथम स्थान प्राप्त करेगी।

## डंपर पर चढ़े युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम नांदकुड़ी में गुरुवार की दोपहर रेत के डंपर पर चढ़े एक युवक की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। बताया जाता है मुलताई निवासी रोहित साहू (20) वर्ष गुरुवार को रेत के डंपर के साथ ग्राम नांदकुडी रेत खाली करने गया हुआ था। जो कि ग्राम में रेत खाली रहे थे, मृतक रोहित साहू डंपर पर चढा हुआ था। इस दौरान रेत खाली करने डंपर का बॉक्स ऊपर उठा तो ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन कि चपेट में आने से रोहित को बिजली करंट लग गया और वह बुरी तरह झूलस गया, जिससे रोहित कि मौके पर ही मौत हो गई। घटना कि जानकारी मिलते ही ग्राम में भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पंचनामा बनाकर पीएम के लिए शव नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के बाद ही हादसे के संबंध में सहीं जानकारी उपलब्ध हो पायेगी।

## फर्जी एफआईआर उच्च न्यायालय ने की खारिज

**मुलताई।** नगर में वर्ष 2023 में अधिकारियों से सांठगांठ कर पिता पुत्रो पर पुलिस द्वारा दर्ज की गई फर्जी एफआईआर उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा खारिज कर दी है। अधिवक्ता प्रशांत भार्गव ने बताया वर्ष 2003 में मुलताई निवासी प्रदीप भार्गव द्वारा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर बिना पिता पुत्रो को सुने एक पक्षीय आदेश करवाकर पुलिस द्वारा धोखाधडी के मामले में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। जिसके बाद पीडित पक्षकारों द्वारा उक्त फर्जी एफआईआर को उच्च न्यायालय जबलपुर में चुनौती देते हुए याचिका प्रस्तुत की थी। उक्त याचिका पर बीते 16 जनवरी 2026 को उच्च न्यायालय के न्यायमुर्ति बीपी शर्मा द्वारा सुनवाई करते हुए उक्त एफआईआर को खारिज कर

**पुलिस ने दर्ज किया था धोखाधड़ी का केस**

**प्रतिवादी अपने पक्ष दावे को साबित करने में रहे नाकाम**

दिया। अधिवक्ता पियूष भार्गव ने बताया कि नगर के प्रदीप भार्गव द्वारा अधिकारियों से सांठगाठ कर न्यायालय में एक परिवाद में गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत कराया गया था, जिसके बाद न्यायालय द्वारा रामनाथ भार्गव, प्रशांत भार्गव एवं पियूष भार्गव को बिना सुने त्रुटिपुर्ण आदेश पारित कर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए थे । उक्त आदेश के बाद पीडित पक्षकार रामनाथ भार्गव, प्रशांत भार्गव एवं पियूष भार्गव द्वारा उक्त एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती देने वाली याचिका दायर की गई थी। जिस पर बीते 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए न्यायमुर्ति बीपी शर्मा की न्यायालय द्वारा उक्त एफआईआर को खारिज कर दिया गया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उक्त प्रकरण में पीड़ितों को फंसाया जा रहा है तथा प्रतिवादी पक्ष अपने दावे को साबित करने में नाकाम रहा है। जिसके चलते उक्त एफआईआर को खारिज किया जाता है।

## प्राण प्रतिष्ठा निमित्त रक्तदान शिविर में 26 यूनिट रक्त संग्रहित

**मुलताई।** दो वर्ष पूर्व 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इसी वर्षगांठ के तहत प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम वायगाव में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में राम मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। जिसमें चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ आदि शामिल प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। रक्तदान शिविर में जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर,संभाग समन्वय कौशलेश प्रताप तिवारी, विधायक चंद्रशेखर देशमुख,ब्लॉक समन्वयक राधा बरोदे,डॉ.अंकिता सिते, समाजसेवी राजेश पाठक,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे द्वारा रक्तदाताओं का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। रक्तदान शिविर में कुल 26 यूनिट रक्त संग्रहित कर बैतूल जिला अस्पताल की टीम द्वारा ब्लड बैंक बैतूल ले जाया गया जिसमें महिलाओं ने भी रक्तदान करने में बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। 20 यूनिट पुरुषों 6 यूनिट महिलाओं द्वारा रक्तदान किया गया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शिवलिंग की स्थापना

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 27 में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का भव्य दृश्य उस समय देखने को मिला, जब भगवान शिव के पावन शिवलिंग की स्थापना से पूर्व भव्य नगर भ्रमण एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया।**

पूरे क्षेत्र में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। शिवलिंग को वार्ड क्रमांक 27 से नगर भ्रमण हेतु पुरानी पाथाखेड़ा चौकी, हॉस्पिटल कॉलोनी, पुराना बाजार स्थित शिव मंदिर, सुभाष नगर शिव मंदिर होते हुए वार्ड



क्रमांक 17 से वापस लाया गया। नगर भ्रमण उपरांत ममता जनरल स्टोर के पीछे निर्धारित स्थल पर विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की स्थापना की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक युवाओं,महिलाओ और बच्चों की बड़ी उपस्थिति देखी गई। शिवलिंग स्थापना के साथ क्षेत्र की सुख समृद्धि,शांति एवं मंगल कामना की प्रार्थना की गई। साथ साथ सामाजिक एकता का प्रेरणादायक उदहारण बना। इस अवसर पर वार्ड की महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

## क्रिकेट प्रतियोगिता : एसआरटी तिगाँव क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**सारनी।** स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज ग्यारवे दिन में तीन मैच खेले गए। पहला मैच बाहरी ग्रुप से सुपर 8 के अमित इलेवन परतवाड़ा व पेप्सी परासिया के बीच खेला गया। अमित इलेवन परतवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 101 रन बनाएं। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेप्सी परासिया ने नौवें ओवर मे 4 विकेट खोकर 104 रन बनाकर यह मैच छह विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच सौरभ पटेल जिन्होंने 17 गेंद पर 37 रन की पारी




खेली और मैन आफ द मैच बने। दूसरा मैच आर्यावर्त यूनिवर्सिटी भोपाल व एस आर टी तिगांव के बीच खेला गया, जिसमे पहले बल्लेबाजी करने उतरी एस आर टी तिगांव ने 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 192 रन बनाएं.193 रनों के लक्ष्य का पिछा करने उतरी आर्यावर्त यूनिवर्सिटी भोपाल ने नौवें ओवर मे ऑल आउट होकर महज 94 रन ही बना पाये और यह मैच 99 रनों से हार गये। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोशन, जिन्होंने अपनी आतिशी पारी में 25 गेंद पर लगातार नौ छक्कों की मदद से 93 रन बनाएं और मैन ऑफ द मैच बने। तीसरा मैच सुपर 4 के लिये पेप्सी परासिया व एस आर टी तिगांव के बीच खेला गया। जिसमें पेप्सी परासिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पेप्सी परासिया ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 98 रन बनाए 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरटी तिगांव ने 10 ओवर मे 100 रन बना कर यह मैच आसानी से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच महेश जिन्होंने बल्लेबाजी में 14 रन और गेंदबाजी में दो विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच बने.मुख्य अतिथियों समीर मसीद, पिन्टू अंसारी, मिन्टू श्रीवास्तव, मनीष ने मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार वितरण किया।

**खुलासा** मामले में संलिप्त एक बालिका भी पकड़ाई

## पुलिस के हत्थे चढ़ा चोरी का आरोपी, पांच लाख का माल किया बरामद


**सारनी।** सुने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर एवं सहयोगी बालिका को सारनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच लाख रूपये का माल बरामद किया है। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आदतन अपराधियों एवं गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के



मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस द्वारा क्षेत्र में घटित चोरी की घटना में संलिप्त 01 आरोपी एवं 01 विधि विरुद्ध बालिका को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। टीआई इवनाती ने बताया कि फरियादी राजेश पिता भाऊराव सूर्यवंशी, उम्र 45 वर्ष, निवासी गुरुकृपा कॉलोनी बगड़ोना ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 13 जनवरी को उनकी रिश्तेदार अपनी दो बालिकाओं के साथ मेला घूमने हेतु बगड़ोना आई थीं एवं फरियादी के घर पर रुकी हुई थी। बालिका घर से जाने के बाद फरियादी द्वारा अलमारी की जांच की गई, तो उसमें रखे सोने के जेवरात गायब पाए गए। पूर्व में भी संबंधित विधि विरुद्ध बालिका द्वारा घर में चोरी किए जाने की जानकारी होने से फरियादी को उक्त बालिका पर संदेह हुआ। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सारणी में धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान विधि विरुद्ध बालिका से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने फरियादी के घर से चोरी किए गए जेवरात अपने परिचित धीरज उर्फ बिट्टू पिता राजू गोयल, उम्र 20 वर्ष, निवासी औद्योगिक क्षेत्र कोसमी, थाना कोतवाली, जिला बैतूल को दे दिए थे। उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी धीरज उर्फ बिट्टू गोयल को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया। आरोपी को 21 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है तथा विधि विरुद्ध बालिका के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के पास से सोने के जेवरात कीमत लगभग चार लाख, 02 एप्पल आईफोन (कीमत लगभग 60,000) यामाहा क्र-15 मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 40,000) एवं नकद राशि 13,500 रूपये बरामद किया है। इस मामले का खुलासा करने में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उपनिरीक्षक नितिन उईके, प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके की सराहनीय भूमिका रही।

## सामी मेरे सामी और पिंगा ग पर खूब झूमे दर्शक

**सारनी।** श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत मंगलवार रात इंडियल आइडल फेम मुंबई की पार्श्व गायिका रागिनी शिंदे ने अपने सुरीले गीतों एवं रंगारंग लाइटिंग, डिजीटल साउंड इफैक्ट्स के बीच रागिनी शिंदे ने ढाई घंटे तक लगातार प्रस्तुति दी। रागिनी शिंदे के कार्यक्रम ने नगरपालिका क्षेत्र में बेस्ट प्रोग्रामों में एक और रिकॉर्ड कायम कर दिया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 12 से 22 जनवरी तक बाबा मठारदेव मे मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगणों, बबला शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी



सीके मेश्राम ने मंच पर रागिनी शिंदे का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। रागिनी ने नम: शिवाय से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने लगातार करीब ढाई घंटे में 40 गीतों की धमाकेदार प्रस्तुति दी। सजना है मुझे सजना के लिए..., ओ मेरे सोना रे सोना... झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में, ये समां है प्यार का..., ओ मेरे दिल के चैन...., पिया तू अब तो आ जा... जैसे गीत सुनाए। हंसता हुआ नूरानी चेहरा, निगाहें मिलाने को जी चाहता है... गीत को सराहा गया। दिल दीवाना बिन सजना के माने ना...मराठी लावणी मला जाऊ द्या ना घरी, अता वाजते की बारां पर लोग झूमने लगे। जब छाए तेरा जादू जैसे गीतों को लोगों ने सराहा। केसरिया तेरा इश्क है पिया, रे फकीरा, अप्सरा आली, मैं हूं डॉन, देखा न हाय रे, परदेसिया ये सच है पिया..गीतों को लोगों ने खूब तालियों का तोहफा दिया।